विवरण

कृषि जिन्सों के लिये सरकार द्वारा निर्धारित उत्पादन।न्यूनतम समर्थन/सांविधिक न्यूनतम मूल्य।

(फसल वर्ष के अनुसार)

रूपये प्रति क्विंटल

फसल	किस्म	क्वालिटी	1989–90	1990–91
धान	सामान्य	उचित औसत किस्म	185	205
मूल्य अन्तर	—	,,	10.00	10.00
ज्वार	—	,,	165	180
बाजरा	—	,,	165	180
मक्का	—	,,	164	180
रागी	—	,,	165	180
गेहूं	—	,,	215	225
जौ	—	,,	180	190
तुर (अरहर)	—	,,	425	480
मूंग	—	,,	425	480
उड़द	—	,,	425	480
चना	—	,,	421	450
छिलके सहित मूंगफली	—	,,	500	580
सोयाबीन	काला	,,	325	350
	पीला	,,	370	400
सूरजमुखी बीज		,,	530	600
रोप तथा सरसों		,,	575	600
तोरिया		,,	545	
कुसुम		,,	550	575
कपास	320–एफ./जे.–34/एफ. 414/एच. 777		570	620
		एच–4	690	750
पटसन	डब्ल्यू. असम में		295 टी.	320 टी.
गन्ना*			22.00	23.00
तम्बाकू (वी०एफ०सी०) (रुपये प्रति कि०ग्रा०)	काली मिट्टी एफ.2 ग्रेड		12.50	13.25
	हल्की मिट्टी 12		13.50	14.25
कोपरा	उचित औसत किस्म		1500 **	1600 **

*. इस स्तर से अधिक वृद्धि होने पर प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की समानुपातिक अनुमति के साथ 8.5 प्रतिशत की मूल वसूली के लिये।

**. क्रमशः चालू वर्ष के 1989 तथा 1990 के लिये

टी–टीडी–5 नौगांव असम में
एस०टी०–निरक्षर

राजस्थान में बड़ी तथा छोटी रेल लाइनों का बिछाया जाना

232. **डा० अबरार अहमद :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष के दौरान राजस्थान में कितनी बड़ी रेल लाइनें तथा कितनी छोटी रेल लाइनें बिछायी गई और इसी अवधि के दौरान कितने प्लेटफार्म तथा पुलों का निर्माण किया गया और इस संबंध में राजस्थान के लिए भविष्य की क्या योजना है ;

(ख) क्या राजस्थान में नदी के ऊपर भी किसी पुल के निर्माण का प्रस्ताव है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या राजस्थान में कोई नई ट्रेन प्रारम्भ किये जाने अथवा यहां से होकर गुजरने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) और (ख) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) अतिरिक्त गाड़ियां चलाना एक सतत प्रक्रिया है बशर्ते परिचालनिक व्यावहारिकता, संसाधनों की उपलब्धता और यातायात का औचित्य हो ।

देश में राशन की दुकानें

233. **डा० अबरार अहमद :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) नवम्बर, 1989 की तुलना में नवम्बर, 1990 में आवश्यक वस्तुओं का थोक मूल्य सूचकांक कितना था तथा इसमें वृद्धि के क्या कारण रहे हैं ;

(ख) इन वस्तुओं के मूल्यों पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ; और

(ग) राशन की दुकानों की राज्य-वार संख्या क्या है तथा इन दुकानों के माध्यम से वितरित की जाने वाली वस्तुओं के नाम क्या हैं और इन दुकानों के माध्यम से प्रति माह बेची जाने वाली वस्तुओं की राज्यवार संख्या क्या है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सरवर हुसैन) : (क) एक विवरण दिया गया है, जिसमें नवम्बर 1989 और नवम्बर, 1990 में चुनी आवश्यक वस्तुओं के थोक मूल्य सूचकांक और अवधियों के बीच प्रतिशत उतार-चढ़ाव दिखाया गया है । **(नीचे देखिए)** ।

उक्त अवधि के दौरान आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि निम्नलिखित कारणों से हुई जैसे :—

(1) तिलहनों तथा दालों जैसी कुछ मदों के उत्पादन में कमी आना ।

(2) धान, गेहूं, दालों तिलहनों आदि जैसी मदों की खरीफ तथा रबी दोनों फसलों के न्यूनतम वसूली/समर्थन मूल्यों में वृद्धि करना ।

(3) पेट्रोलियम उत्पादों में पहले 1990-91 के बजट में तथा बाद में 14-10-90 को वृद्धि करना ।

(4) 1990-91 के रेल बजट में रेल भाड़े तथा किरायों में वृद्धि करना ।

(5) अत्यधिक नकदी तथा मुद्रा की आपूर्ति में वृद्धि, निरन्तर उपभोक्ता मांग तथा दालों व खाद्य तेलों जैसी मदों में मांग व आपूर्ति के बीच अन्तर जैसे अन्य कारणों का संचित प्रभाव ।

(ख) सरकार ने आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि के रुख को नियंत्रित करने के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रखी है । इस उद्देश्य के लिए दीर्घ-कालिक तथा अल्पकालिक दोनों उपाय किए जा रहे हैं । । किए गए उपायों में मोटे तौर पर ये कदम शामिल हैं-- आवश्यक वस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि करना, खाद्यान्नों की वसूली तथा उनका सुरक्षित भंडार बनाने का कार्य करना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाने, आवश्यक वस्तु अधिनियम के उपबंधों तथा अन्य नियामक उपायों को